# SPORTS
# SRKP GOVT PG COLLEGE KISHANGARH

# GAMES



KHO-KHO



GIRLS KABADDI



SHOT PUT



JAVELIN THROW



DISCUS THROW

# GAMES



RACE



VOLLEYBALL



CHESS



LONG JUMP



WRESTLING



KABADDI

# RECREATION ROOM









# SPORTS WEEK 2023-24

**न्यूज ब्रीफ**

## राजकीय कॉलेज में खेल सप्ताह 8 से

मदनगंज-किशनगढ़। कॉलेज आयुक्तालय के आदेशानुसार राजकीय कॉलेज किशनगढ़ में 8 जनवरी से साप्ताहिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. जेपी शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है की भावना के साथ आयोजित की जाएगी। प्राचार्य ने बताया कि 8 से 13 जनवरी तक चलने वाले सप्ताह से पूर्व खेल में हिस्सा लेने वाले छात्र-छात्रा को अपना नाम शारीरिक शिक्षक बीएल सैनी से संपर्क कर अपना आईडी कार्ड प्रस्तुत कर पंजीयन करवाना होगा।

---

**खेल सप्ताह का हुआ शुभारंभ**

## धावकों ने दौड़ में दिखाया दम-खम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

मदनगंज-किशनगढ़. आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आर.के. पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेल विभाग की ओर से खेल सप्ताह का सोमवार को शुभारंभ हुआ। आर.के. पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य जगदीशप्रसाद शुक्ला एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय किशनगढ़ के प्राचार्य चंद्रप्रकाश पोखरना, वरिष्ठ संकाय सदस्य नारायणलाल गुप्ता एवं खेल प्रभारी मुकेश कुमार ने खेलों का शुभारंभ किया।

खेल प्रभारी मुकेश कुमार ने विद्यार्थियों की खेल उपलब्धियों से अवगत कराते हुए खेल सप्ताह में होने वाली विविध प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारियां दी। प्राचार्य चंद्रप्रकाश पोखरना ने खिलाड़ियों को अपनी खेल रुचि को आगे विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों को शपथ दिलवाकर विधिवत उद्घाटन किया। पहले दिन शतरंज, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़ में दोनों महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने एक ही परिसर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगितओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतियोगियों का चयन किया गया। मंगलवार को होने वाले महिला एवं पुरुष वर्ग के खेलों में गोला फैंक, तस्करी फैंक, भाला फैंक एवं कुश्ती प्रतियोगिताएं होंगी। उद्घाटन सत्र का मंच संचालन धीरेंद्र सिंह मेहनोत ने किया।



किशनगढ़. आर.के. पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेल सप्ताह के तहत दौड़ने के लिए तैयार छात्राएं एवं मौजूद प्रबंधन के सदस्य।

### यह रहे विजेता

100 मीटर दौड़ में संतोष मेघवाल ने प्रथम स्थान और पिंकी बाड़ोदिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में कमल प्रजापत प्रथम और सरिता सैनी द्वितीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में संजू गुर्जर ने प्रथम और संतोष मेघवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में कमल प्रजापत प्रथम और पिंकी बाड़ोदिया द्वितीय स्थान पर रही।

# Sports Week Events- Chess, Wrestling, Javelin Throw

खेल सप्ताह का दूसरा दिवस

## भाला फेंक में दिखाया दम तो शतरंज में चली चाल



किशनगढ़. आर.के. पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शत
खेलते खिलाड़ी एवं मौजूद प्रबंधन के सदस्य।

**मदनगंज-किशनगढ़ @ पत्रिका.** आर.के. पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय किशनगढ़ मे चल रहे खेल सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को महिला एवं पुरुष वर्ग मे गोला फेंक, भाला फेंक, तश्तरी फेंक मे प्रतिभागियो ने ताकत दिखाई। वही कुश्ती प्रतियोगिता मे पहलवानो ने प्रतिद्वंद्वी को परास्त कर जीत हासिल की।

दूसरे दिन हुए खेलो मे पुरुष वर्ग के रोशन गुर्जर, सुरेन्द्र गुर्जर व विकास कुमावत, महिला वर्ग की इनकार गुर्जर, निशा व मनानादेवी प्रथम रही। जबकि पहले दिन हुई शतरंज प्रतियोगिता, 100 मीटर

राठोड़, हरिराम गुर्जर व खुशी
गोरा प्रथम रहे। महिला व
क्रमशः निशा, रिंकू खारोल
कोमल खारोल प्रथम रही।
मे प्रथम स्थान प्राप्त करने
छात्र वर्ग के रोहित गुर्जर,
गुम्ल्या, करण सामरिया,
नायक, चन्द्रप्रकाश गुर्जर,
मालाकार, बबलू गुर्जर, पृथ्
रावत व कानाराम गुर्जर
रहे। इसी तरह छात्रा वर्ग मे
चौधरी, निशा, रेनू, खुशबु,
सेन, मनसा गुर्जर, कृष्णा
सुप्रिया पारीक एवं जयश्री
प्रथम रही। पारितोषिक
समारोह 13 जनवरी को

## कॉलेज खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मदनगंज-किशनगढ़

आरके पाटनी स्नातकोत्तर राजकीय महाविद्यालय में खेल सप्ताह के दूसरे दिवस मंगलवार को छात्र-छात्रा वर्ग में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दूसरे दिन दोनों वर्ग में गोला, भाला फेंक, तश्तरी एवं कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पुरुष वर्ग के रोशन गुर्जर, सुरेन्द्र गुर्जर व विकास कुमावत तथा छात्रा वर्ग में इनकार गुर्जर, निशा व मनाना देवी प्रथम रही। पहले दिन आयोजित प्रतियोगिताएं यथा शतरंज, सौ मीटर, दो सौ मीटर, चार सौ मीटर एवं आठ सौ मीटर में पुरुष वर्ग में क्रमशः आयुष दाधीच, हरिराम गुर्जर, भानुप्रताप सिंह राठोड़, हरिराम गुर्जर व खुशीराम गोरा प्रथम रहे वही महिला वर्ग में क्रमशः निशा, रिंकू खारोल व कोमल खारोल प्रथम रही। कुश्ती में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र वर्ग के रोहित गुर्जर, गोपाल गुम्ल्या, करण सामरिया, दीपक नायक, चन्द्रप्रकाश गुर्जर, विजय मालाकार, बबलू गुर्जर, पृथ्वी सिंह रावत, कानाराम गुर्जर तथा छात्रा वर्ग में मानसी चौधरी, निशा, रेनू, खुशबु, दिव्या सेन, मनसा गुर्जर, कृष्णा वर्मा, सुप्रिया पारीक व जयश्री सेन प्रथम रही।

### कन्या महाविद्यालय

राजकीय कन्या महाविद्यालय में खेल सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्राचार्य प्रो. सीपी पोखरना ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में खुशी चौहान ने प्रथम स्थान, मुस्कान कुमावत ने द्वितीय स्थान, कोमल प्रजापत एवं दिवांशी तोषिक ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता डॉ शंकर लाल चौधरी के निर्देशन में संपन्न हुई। शतरंज प्रतियोगिता में खुशी चौहान ने नेराज बिजारणियां को हराया। कुश्ती प्रतियोगिता में 50 किलो वर्ग में कोमल प्रजापत प्रथम, सोनू गुर्जर द्वितीय रही, 53 किलो वर्ग में शिवानी गुर्जर प्रथम और संतोष मेघवाल द्वितीय स्थान पर रही, 55 किलो वर्ग में संजू गुर्जर प्रथम नेराज बिजारणिया द्वितीय रही 57 किलो वर्ग में सरिता सैनी प्रथम और 59 किलो वर्ग में सुनीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

गोला फेक प्रतियोगिता में सुनीता ने प्रथम कोमल प्रजापत ने द्वितीय और संतोष मेघवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक प्रतियोगिता में सुनीता ने प्रथम शिवानी गुर्जर ने द्वितीय और संतोष मेघवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तस्तरी फेंक प्रतियोगिता में सुनीता ने प्रथम, नेराज बिजारणिया ने द्वितीय और सोनू गुर्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताएं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल प्रांगण में खेल प्रभारी डॉ मुकेश कुमार के निर्देशन में खेल प्रशिक्षक बीएल सैनी द्वारा सम्पन्न करवाई गई। प्रतियोगिताओं में डॉ. मंजू चौधरी एवं डॉ. रणजीत सिंह चौहान ने सहयोग दिया।





## छात्राओं ने भी दिखाया अपना खेल कौशल



किशनगढ़. आर.के. पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में कुश्ती प्रतियोगिता में दांव पेच आजमाती छात्राएं।

**मदनगंज-किशनगढ़ @ पत्रिका.** राजकीय कन्या महाविद्यालय में खेल सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, शतरंज, भाला फैंक, गोला फैंक, तस्तरी फैंक एवं कुश्ती प्रतियोगिताएं हुई।

प्राचार्य प्रोफेसर सी. पी. पोखरना ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में खुशी चौहान ने प्रथम स्थान, मुस्कान कुमावत ने द्वितीय स्थान, कोमल प्रजापत एवं दिवांशी तोषिक ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शंकरलाल चौधरी के निर्देशन में संपन्न हुई। शतरंज प्रतियोगिता में खुशी चौहान ने नेराज बिजारणियां को हराया। कुश्ती प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम वर्ग में कोमल प्रजापत प्रथम, सोनू गुर्जर द्वितीय रही, 53 किलोग्राम वर्ग में शिवानी गुर्जर प्रथम और संतोष मेघवाल द्वितीय स्थान पर रही। 55 किलोग्राम वर्ग में संजू गुर्जर प्रथम, नेराज बिजारणिया द्वितीय रही। 57 किलोग्राम वर्ग में सरिता सैनी प्रथम और 59 किलोग्राम वर्ग में सुनीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फैंक प्रतियोगिता में सुनीता ने प्रथम, कोमल प्रजापत ने द्वितीय और संतोष मेघवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फैंक प्रतियोगिता में सुनीता ने प्रथम, शिवानी गुर्जर ने द्वितीय और संतोष मेघवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तश्तरी फैंक प्रतियोगिता में सुनीता ने प्रथम, नेराज बिजारणिया ने द्वितीय और सोनू गुर्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताएं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में हुई। खेल प्रभारी मुकेश कुमार के निर्देशन में खेल प्रशिक्षक बी.एल. सैनी ने सम्पन्न करवाई। प्राचार्य सी. पी. पोखरना ने बताया कि बुधवार को कबड्डी प्रतियोगिता होगी।

# SPORTS TOURNAMENT 2018-19






Winners of wrestling Team





# SPORTS TOURNAMENT 2019-20





Winners of wrestling Team

# SPORTS TOURNAMENT 2021-22



Winners of Girls wrestling Team

# WINNERS



**DEEPAK NAYAK**
**GOLD IN**
**WRESTING 61KG**